बिहार सरकार

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

पत्रांक– प्र0–07, एल0पी0जी0(उज्ज्वला)–05 / 2025 1728 /खाद्य, पटना / दिनांक– 09/04/2026

प्रेषक,

उपेन्द्र कुमार,
सरकार के विशेष सचिव।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी, बिहार।
महाप्रबंधक, आई0ओ0सी0एल0, बी0पी0सी0एल0 एवं एच0पी0सी0एल0, पटना।

विषय :– तेल एवं प्राकृतिक गैस की उत्पन्न समस्याओं के मद्देनजर वैवाहिक कार्य हेतु वाणिज्यिक एल0पी0जी0 की आपूर्ति के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रायः यह देखा जाता है कि वैवाहिक कार्यक्रम में व्यक्ति विशेष घरेलू एल0पी0जी0 का उपयोग करते हैं जो उचित नहीं है। इससे राज्य में चल रहे एल0पी0जी0 की आपूर्ति के बैकलॉग की संख्या और बढ़ जाने की संभावना है। पश्चिम एशिया में तेल एवं प्राकृतिक गैस की उत्पन्न समस्याओं के मद्देनजर राज्य में आने वाले वैवाहिक सीजन में वाणिज्यिक गैस की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति न होने की स्थिति में उत्पन्न समस्याओं के आलोक में निम्नांकित रूप से इस बिंदु पर निदान किये जाने की आवश्यकता है:–

1. वैवाहिक कार्यक्रम हेतु रसोईया / कैटरर्स अपने वाणिज्यिक गैस के लिए निबंधन करायेंगे और संबंधित तेल कंपनियाँ अगले 5–7 दिनों में निबंधन करना सुनिश्चित करेंगे।
2. जिस व्यक्ति विशेष के घर में वैवाहिक कार्यक्रम निर्धारित है, उस व्यक्ति विशेष के द्वारा शादी के कार्ड के साथ अपने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति हेतु एक आवेदन समर्पित करेंगे, जिसमें इस बात का स्पष्ट उल्लेख हो कि उन्हें कितने वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की आवश्यकता है तथा उनके उक्त वैवाहिक कार्यक्रम में कितने लोगों के शामिल होने की संभावना है।
3. संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी व्यक्ति विशेष के द्वारा समर्पित आवेदन के आलोक में लोगों की उपस्थिति के संबंध में आकलन करते हुए तद्नुसार संबंधित तेल कंपनी को वैवाहिक कार्यक्रम के दिन वाणिज्यिक गैस की व्यक्ति विशेष द्वारा की गयी मांग एवं उक्त दिन को वाणिज्यिक गैस की उपलब्धता के आधार पर वैवाहिक कार्यक्रम हेतु व्यक्ति विशेष के लिए रसोईया / कैटरर्स को आनुपातिक रूप से वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।
4. वैवाहिक कार्यक्रम हेतु व्यक्ति विशेष के लिए उपलब्ध कराया गया वाणिज्यिक गैस मात्र वैवाहिक कार्यक्रम हेतु में ही प्रयुक्त होंगे।

अतः अनुरोध है कि राज्य में आसन्न वैवाहिक कार्यक्रम में आमजन को होने वाली कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त तथ्यों के आलोक में वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन,
9/4/26

सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक–प्र0–07, एल0पी0जी0(उज्ज्वला)–05 / 2025 1728 खाद्य, पटना / दिनांक– 09/04/2026

प्रतिलिपि– सभी अनुमंडल पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। 9/4/26

सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक–प्र0–07, एल0पी0जी0(उज्ज्वला)–05 / 2025 1728 खाद्य, पटना / दिनांक– 09/04/2026

प्रतिलिपि– अपर जिला दण्डाधिकारी (आपूर्ति), पटना / विशिष्ट पदाधिकारी अनुभाजन, पटना / सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9/4/26

सरकार के विशेष सचिव।

D:\section-7\P_2026\Birju sir\letter.docx